# इलाहाबाद विकास प्राधिकरण, इलाहाबाद
## (कार्यादेश)

प्रेषक,

**प्रभारी अधिकारी–कम्प्यूटर,**
इलाहाबाद विकास प्राधिकरण,
इलाहाबाद।

सेवा में,

**मेसर्स डाटा लाइव कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी**
17/24, कस्तूरबा गाँधी मार्ग, कटरा,
इलाहाबाद।

पत्रांक :63/क.से/प्र0अ0–क0/वि0प्रा0/2017–18 दिनांक : 09/02/2018

विषय : **इलाहाबाद विकास प्राधिकरण में आउटसोर्सिंग के माध्यम से 13 कम्प्यूटर आपरेटर एवं 01 कम्प्यूटर प्रोग्रामर (सॉफ्टवेयर इंजीनियर) की आपूर्ति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्य के सापेक्ष आमंत्रित/प्राप्त निविदाओं आप द्वारा प्रस्तुत निविदा सर्वनिम्न होने के कारण प्राधिकरण द्वारा दिनांक 09.02.2018 को स्वीकार कर ली गयी है। उक्त स्वीकृत निविदा के अनुसार आपूर्ति हेतु कार्मिकों एवं उनको देय पारिश्रमिक का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | कार्मिकों का विवरण व संख्या | पारिश्रमिक व अन्य देयता दरों का विवरण (प्रतिमाह प्रति कार्मिक) | धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर आपरेटर (13) | A. प्रतिमाह देय पारिश्रमिक प्रति कम्प्यूटर ऑपरेटर | 9118.66 |
| | | B. कान्ट्रैक्टर प्राफिट (सी0पी0) | 0.00 |
| | | C. ई0एस0आई0 | 433.14 |
| | | D. ई0पी0एफ0 | 1199.10 |
| | | E. जी0एस0टी0 | 1641.36 |
| | | **कुल योगः** | **12392.26** |
| 2 | कम्प्यूटर प्रोग्रामर/साफ्टवेयर इंजीनियर (01) | A. प्रतिमाह देय पारिश्रमिक प्रति कम्प्यूटर प्रोग्रामर | 15,900.00 |
| | | B. कान्ट्रैक्टर प्राफिट (सी0पी0) | 0.00 |
| | | C. ई0एस0आई0 | 755.25 |
| | | D. ई0पी0एफ0 | 2,090.85 |
| | | E. जी0एस0टी0 | 2862.00 |
| | | **कुल योगः** | **21,608.10** |

अतएव आप उपर्युक्त विवरण के अनुसार प्राधिकरण को 13 कम्प्यूटर आपरेटर एवं 01 कम्प्यूटर प्रोग्रामर/साफ्टवेयर इंजीनियर दिनांक 15.02.2018 से नियत अवधि 1 वर्ष तक के लिए उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**नियम व शर्तेः–**

1. यह कि उपलब्ध कराये गये कार्मिकों की सूची दिनांक 15.02.2018 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी/कम्प्यूटर अनुभाग में उपलब्ध कराना होगा। तद्नुसार कार्मिकों से आवश्यकतानुसार सम्बन्धित कार्य सम्पादित कराया जायेगा।
2. यह कि कार्यादेश निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्दर रू0 100/– के जनरल स्टैम्प पेपर पर जमानत धनराशि रू0 25,000.00 सी0डी0आर/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जो प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर, इलाहाबाद विकास प्राधिकरण इलाहाबाद के नाम बन्धक होगी अथवा RTGS के माध्यम से नगद जमा कर अनुबन्ध सम्पादित कराना होगा।
3. यह कि उक्त कार्य हेतु प्राधिकरण से भुगतान प्राप्त कर कार्मिकों को प्रतिमाह पारिश्रमिक का भुगतान आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में एकमुश्त करना होगा एवं भुगतान विवरण आगामी बिल के साथ प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

4. यह कि कार्मिकों का ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 का खाता प्रथम माह में ही खुलवाकर उसकी सूची, पासबुक, ई0एस0आई0 कार्ड आदि उपलब्ध कराना होगा।
5. यह कि कार्मिकों के ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 आदि खाते में प्रतिमाह नियमानुसार धनराशि जमा कराना होगा, जिसकी रसीद प्रत्येक माह के बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा।
6. यह कि उपलब्ध कराये गये कार्मिकों के पारिश्रमिक व कर आदि का बीजक प्रत्येक माह के प्रथम दिवस को ही विभाग में प्रस्तुत करना होगा।
7. यह कि कार्यालय अवधि पूर्वाह्न 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्मिकों को कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्य सम्पादित करना होगा।
8. यह कि कर्मियों की संख्या एवं उनके कार्यस्थल परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार उपाध्यक्ष, इलाहाबाद विकास प्राधिकरण में निहित होगा।
9. यह कि श्रम विभाग के नियमों एवं शासनादेशों का पालन करना होगा।
10. यह कि आप द्वारा प्रदत्त कर्मी किसी भी प्रकार से प्राधिकरण कर्मी नहीं माने जायेंगे।
11. यह कि आपके एवं आपके कर्मचारियों के मध्य किसी भी प्रकार के विवाद का संबंध इलाहाबाद विकास प्राधिकरण से नहीं होगा।
12. यह कि कर्मचारियों की तैनाती स्थल पर उपस्थिति पंजिका रखना होगा जिसमें उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा। उक्त पंजिका का निरीक्षण समय–समय पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा।
13. यह कि फर्म एवं प्राधिकरण के मध्य किसी विवाद की स्थिति में उपाध्यक्ष, इलाहाबाद विकास प्राधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा।
14. यह कि उक्त प्रश्नगत कार्यादेश दिनांक 15.02.2018 से प्रभावी होगा।
15. यह कि समय से पूर्व आपकी फर्म से सेवा लेने व न लेने अथवा भविष्य में समयवृद्धि आदि के संबंध में निर्णय का अधिकार उपाध्यक्ष, इलाहाबाद विकास प्राधिकरण में निहित होगा।
16. यह कि निविदा में दर्शायी गयी समस्त नियम व शर्तें भी मान्य होंगी।

उपरोक्त उपबन्धो/शर्तो का पालन करना सुनिश्चित करें।

**कार्य प्रारम्भ की तिथि : 15.02.2018**
**कार्य समाप्त की तिथि : 14.02.2019**

**भवदीय,**

**(आलोक कुमार पाण्डेय)**
प्रभारी अधिकारी–कम्प्यूटर

<u>प्रतिलिपि :–</u>

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. सचिव महोदय को सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक महोदय को सूचनार्थ।

**प्रभारी अधिकारी–कम्प्यूटर**